भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1773**

दिनांक 13.03.2013/ 22 फाल्गुन, 1934 (शक) को उत्तर के लिए

**दिल्ली में दुष्कर्म विरोधी आन्दोलन में हताहत हुए लोग**

**†1773. श्री धर्मेन्द्र प्रधान :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 2012 में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के विरोध में इंडिया गेट पर हुए प्रदर्शनकारियों पर हुए पुलिस लाठी चार्ज का विवरण क्या है;
(ख) उक्त हमले में कितने लोग घायल हुए तथा कितनों की मृत्यु हुई;
(ग) सरकार द्वारा कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया; और
(घ) क्या सरकार घायलों को किसी प्रकार का मुआवजा देने पर विचार कर रही है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) से (घ) : दिल्ली पुलिस को अनियंत्रित और हिंसक भीड़, जो पुलिस बैरिकेड को तोड़-कर बार-बार नॉर्थ ब्लॉक, साऊथ ब्लॉक और राष्ट्रपति भवन की ओर बढ़ने के प्रति दृढ़संकल्प थी, को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन, अश्रु गैस के गोलों और हल्के लाठी चार्ज का प्रयोग करना पड़ा था । भीड़ ने सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त किया, आगजनी एवं पत्थरबाजी की और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बलों पर हमला किया । कई प्रदर्शनकारी और पुलिस कार्मिक इस कार्रवाई में घायल हुए । एक पुलिस कार्मिक की मृत्यु हो गई और 62 पुलिस कार्मिक घायल हो गए । इसके अतिरिक्त, 140 आम व्यक्ति भी घायल हुए । कुल 8 अभियुक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।**

*****